आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ में भारत की पहली नमो भारत आर.आर.टी.एस को किया रवाना। राष्ट्र को समर्पित किया दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर। कहा– उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का नया युग शुरू।
- प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के जरिये की मन की बात। कहा–भविष्य में एआई का उपयोग करने की दिशा में विश्व के लिये महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ एआई इम्पैक्ट समिट।
- एआई इम्पैक्ट समिट दो हजार छब्बीस में अपनाए गए नई दिल्ली घोषणा पत्र को नवासी देशों और अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों ने दिया समर्थन। सरकार ने समिट के प्रतिभागियों को साइबर अपराध के प्रति किया सतर्क।
- आज से चार दिवसीय विदेश दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल मेरठ के शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन से मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को रवाना किया। उन्होंने मेरठ साउथ स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी की। प्रधानमंत्री ने बयासी किलोमीटर लंबा 'दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर' भी राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने देश की पहली नमो भारत क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली के शेष खंडों का शुभारंभ भी किया। इनमें दिल्ली में सराय काले खां और न्यू अशोक नगर के बीच का पांच किलोमीटर का खंड और प्रदेश में मेरठ साउथ और मोदीपुरम के बीच इक्कीस किलोमीटर का खंड शामिल है। यह साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर और मेरठ को दिल्ली से जोड़ती है।

प्रधानमंत्री ने मेरठ में लगभग बारह हजार नौ सौ तीस करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का नया युग शुरू हो गया है। श्री मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के लक्ष्य को गति मिलेगी।

**विकसित भारत की कनेक्टिविटी कैसी होगी, यह उसकी एक शानदार झांकी है। शहर के भीतर के लिए मेट्रो और ट्विन सिटी के विजन को गति देने के लिए नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन मुझे संतोष है यह काम उत्तर प्रदेश में हुआ है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सभी परियोजनाओं को पूरा करने के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में नारी शक्ति का प्रदर्शन होता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह परियोजनाएं विकसित भारत की नींव को मजबूत करेंगी।

**रैपिड रेल को उद्घाटन करने के साथ–साथ अपने आप में एक मॉडल है। कि मेरठ को इस नमो भारत ट्रेन के साथ मेट्रो की भी एक नई उपहार होली के ठीक पूर्व आदरणीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा यहां प्रदान किया जा रहा है। यहा उपहार विकसित भारत की उसे न्यू को सुदृढ़ करने का एक नया माध्यम हम सबके सामने है।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' भविष्य में विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कल प्रधानमंत्री ने बताया कि समिट के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एकत्र हुए।

**इस समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं। इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है।**

प्रधानमंत्री ने समिट की सफलता के लिए देशवासियों को बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान टी–20 क्रिकेट विश्व कप में कनाडा, अमरीका, ओमान, न्यूजीलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और इटली की टीम में कई भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि 'मन की बात' में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी पर उनके भाषण के बाद समाज में इस दिशा में काफी जागरूकता आई है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में किसान अब न केवल उत्पादन पर बल्कि गुणवत्ता, मूल्यवर्धन और नए बाजारों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि राष्ट्रपति भवन में आज से राजगोपालाचारी उत्सव मनाया जाएगा। एक मार्च तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान राष्ट्रपति भवन के केंद्रीय प्रांगण में स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल सी.राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण होगा।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को रमजान और आगामी होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को भी दोहराया।

**हमारे होली के त्योहारों में क्या अन्य कोई भी त्यौहार में अनेक ऐसे साधु सामान घुस गए हैं, जो विदेशी हैं इन्हें त्योहार से दूर रखिए स्वदेशी अपनाइए जवाब स्वदेशी खरीदने हैं तो देश को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान में भी मदद करते हैं।**

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रदेश भर में बड़े उत्साह के साथ सुना गया। वाराणसी, जौनपुर, कानपुर नगर, सहित प्रदेश भर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों ने भी मन की बात में कही गई बातों को सराहा और उससे प्रेरणा ली।

**********

एआई इम्पैक्ट समिट दो हजार छब्बीस में अपनाए गए नई दिल्ली घोषणापत्र को नवासी देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन दिया है। घोषणा–पत्र का समर्थन करने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात, कनाडा, इस्राइल, ब्रिटेन, चीन, जापान, अमरीका, रूस, सऊदी अरब, सिंगापुर और बांग्लादेश प्रमुख तौर पर शामिल हैं।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट और एक्सपो नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रमुखों, नव प्रवर्तकों और स्टार्टअप्स के लिए एक साझा मंच साबित हुआ, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधानों पर व्यापक संवाद और प्रस्तुति हुई।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में पंचायती राज मंत्रालय में सलाहकार सोनाक्षी वार्ष्णेय ने कहा कि इस समिट ने देश में पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई–आधारित पहलों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।

**हम ग्राम सभाओं के वीडियो रिकॉर्ड करते हैं और उन्हें सभागार एप पर अपलोड करते हैं, जिससे बैठकों का सुव्यवस्थित विवरण तैयार होता है। इससे पंचायत सचिव का काम सरल हो जाता है, जवाबदेही सुनिश्चित होती है और जमीनी स्तर पर पारदर्शिता आती है।**

इस बीच, सरकार, ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट दो हजार छब्बीस प्रतिभागियों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने को कहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिए धोखाधड़ी वाले संदेश भेजे जा रहे हैं, जिनमें रिफंड की सुविधा के लिए संवेदनशील जानकारी मांगी जा रही है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ये संदेश आधिकारिक नहीं हैं और ना ही इन्हें अधिकृत किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में एआई तकनीक को बढावा देने के उददेश्य से प्रदेश सरकार की पहल पर एक निजी साफ्टवेयर कंपनी के इनोवेशन सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्वांटम कम्प्यूटिंग कार्यक्रम को प्रदेश से प्रारंभ करके डीपटेक की दिशा में प्रधानमंत्री के विजन को आगे बढ़ाने के नये अभियान को ले जाने में सफल होंगे।

**********

प्रदेश को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री आज और कल सिंगापुर, जबकि 25 और 26 फरवरी को जापान प्रवास के दौरान 33 वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह प्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री गवर्नमेंट टू बिजनेस बैठकों और राउंड टेबल मीटिंग के जरिए निवेशकों से सीधे संवाद करेंगे। प्रवासी भारतीयों और प्रदेशवासियों को संबोधित करने के साथ वे स्कूली बच्चों से भी बातचीत करेंगे और प्रदेश की विकास यात्रा साझा करेंगे। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

प्रदेश के नगर विकास और उर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि राज्य में ग्यारह हजार मजरों के विद्युतीकरण के लिए सर्वे प्रक्रिया शुरू की गई है। भदोही में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी पांच से अधिक लोग रहते हैं उसे मजरा मान कर सर्वे में शामिल किया जा रहा है।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतम तापमान में आज से धीरे धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक इस माह के अंत तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********